# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 30.06.2025

नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 हेतु मतगणना एवं परिणाम

आज दिनांक-30.06.2025 को राज्य के 26 जिलों के 42 नगरपालिकाओं में 28.06.2025 को सम्पन्न नगरपलिका आम/उप निर्वाचन, 2025 हेतु मतगणना का कार्य कुल 41 मतगणना केन्द्रों पर प्रातः 8.00 बजे से प्रारंभ की गयी।

मतगणना प्रारंभ होने से पूर्व आयोग के निदेशानुसार डिजिटल लॉक युक्त बज्रगृह में भंडारण किये गये पोल्ड ईवीएम को निर्धारित समय पर निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में खोला गया और मतों की गिनती के निमित्त संबंधित मतगणना केन्द्रों पर पहुंचाया गया।

नगरपालिका आम/उप निर्वाचन निर्वाचन, 2025 हेतु कुल 136 रिक्त पदों के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 538 थी। जिनमें 242 पुरूष और 296 महिला अभ्यर्थियों शामिल रहे।

नगरपालिका आम/उप निर्वाचन निर्वाचन, 2025 हेतु मतगणना में पदवार चुनाव परिणाम से संबंधित विवरण निम्नांकित हैः-

| पद | मतदान हेतु पदों की संख्या | निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या | विजेता | | कुल विजेता | लम्बित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरूष | महिला | | |
| वार्ड पार्षद | 121 | 424 | 53 | 66 | 119 | 02 |
| उप मुख्य पार्षद | 08 | 55 | 03 | 05 | 08 | ------ |
| मुख्य पार्षद | 07 | 59 | 04 | 03 | 07 | ------ |
| | 136 | 538 | 60 | 74 | 134 | 02 |

शातिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतगणना केन्द्र की व्यवस्था

**OCR** (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकोग्निशन) से मतगणनाः पूर्व की भांति पोल्ड ईवीएम से प्राप्त मतों की गिनती ओसीआर (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकोग्निशन) सिस्टम से की गयी।

साथ ही e-voting के मतदान की गिनती सीधे निर्वाची पदाधिकारी के लॉगिन Id डालने के उपरांत सीधा सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई।

**मतगणना केन्द्र पर बलों की प्रतिनियुक्तिः** शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतगणना सम्पन्न कराने के लिए निर्धारित मानक के अनुसार सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी।

**कंट्रोल रूम का गठनः** मतगणना केन्द्र पर किसी भी गड़बड़ी की जानकारी, मतदाताओं या अभ्यर्थियों की शिकायत आदि के अनुश्रवण हेतु नगरपालिका/ जिला/आयोग स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है।

इसके अलावा कोई भी व्यक्ति मतदाता/अभ्यर्थी आयोग में संचालित कॉल सेंटर कोषांग के टोल फ्री नंबर 1800-3457-243 पर कॉल करके निर्वाचन संबंधी सूचना, सुझाव या शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**निर्वाचन परिणाम देखने की ऑनलाइन सुविधाः-** कोई भी मतदाता या अभ्यर्थी नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 का चुनाव परिणाम ऑनलाइन भी देख सकते हैं। यह सुविधा राज्य निर्वाचन आयोग के वेबसाईट www.sec.bihar.gov.in पर 'मतदाता कॉर्नर' एवं 'अभ्यर्थी कॉर्नर' (दोनों में) स्थित "निर्वाचन परिणाम देखें" मेनू वाले लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।

30.06.25

अवर सचिव

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार